# होली पर सफाई, पानी की रहेगी विशेष व्यवस्था

## स्वच्छ होली के लिए पालिका ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ने इस बार होली को "स्वच्छ त्योहार" के रूप में मनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।



पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन के निर्देश पर सभी वार्डों में दो पालियों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। मुख्य बाजारों, सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई, चूना व दवा छिड़काव कराया जाएगा तथा कूड़े का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जलभराव वाले स्थानों की निकासी पर भी ध्यान दिया जा रहा है। शुद्ध पेयजल के लिए नलकूपों व पाइप लाइनों का संचालन सुचारु रखा जाएगा। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 व 1800 180 1318 पर संपर्क करने की अपील की।

# जय गोविंद के 18 छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन

## प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जय गोविंद पब्लिक स्कूल के लिए गौरव का क्षण रहा जब विद्यालय के 18 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन हुआ। चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा 9 के लिए चयनित विद्यार्थियों में हरिश, शिवाली, शिवानी, नूर अहमद व मोहम्मद ओवैस शामिल हैं। वहीं कक्षा 6 के लिए दीपांशु कुमार, सोफिया चौहान, हर्ष, अर्शलान, अब्दुल अहद, मोहम्मद अली, नमन वर्मा, कुनाल सिंह, प्रियांशु कुमार, वैभव गिरी, गौरव नागर, आयुष तथा अर्शना का चयन हुआ है। सभी विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सफलता हासिल की। विद्यालय के प्रबंधक सरल कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल में चयन किसी भी छात्र के लिए गर्व की बात होती है, क्योंकि यहां से निकलकर विद्यार्थी देश की सेवा के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य रफा उल हसन ने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी प्रकार के परिणाम देने का प्रयास करता रहेगा। चयन की खबर से अभिभावकों और शिक्षकों में भी उत्साह का माहौल है।



# अधिकारियों पर दबाव में काम करने का आरोप

## बसपा सरकार में एडीएम पर जमीन हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** किसान ने बसपा सरकार के तत्कालीन अपर जिलाधिकारी पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। स्थानीय प्रशासन पर भी अपर जिलाधिकारी के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द निवासी मोहम्मद गुलहसन पुत्र रियासत ने बसपा सरकार में जनपद अमरोहा में तैनात रहे तत्कालीन अपर जिलाधिकारी पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसके पिता से रिटायर्ड अपर जिलाधिकारी ने जमीन का फर्जी बैनामा अपने बावर्ची लाखन सिंह पुत्र उमराव सिंह ग्राम सकतपुर करनपुर के नाम करवाया था। किसान ने आरोप लगाया कि उसके बाद रिटायर्ड अधिकारी ने उस जमीन को अपने दोनों पुत्रों के नाम दान करवा लिया। किसान का आरोप है कि रिटायर एडीएम राधाकृष्णन ने अपने अधिकारी होने का रसूख दिखाते हुए करीब 100 बीघा जमीन का बैनामा अपने नौकरों आदि के नाम करवाया था। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने तहसील के बड़े अधिकारी से जब शिकायत की तो उन्होंने उसकी एक नहीं सुनी। और साथ ही उसे चेतावनी दे दी कि तेरा यह काम नहीं होगा। पीड़ित किसान का कहना है कि जिन लोगों से जमीन ली गई थी। जब तक वह जिंदा रहे तब तक दाखिला खारिज नहीं कराया गया था। जैसे-जैसे उनकी मौत हो रही है जमीन का रिटायर अधिकारी दाखिला खारिज करवा रहे हैं। पीड़ित किसान ने न्याय करने की गुहार लगाई है। बसपा सरकार में तत्कालीन अपर जिलाधिकारी चर्चाओं में रहे थे।

# वकीलों ने गुलाल लगाकर खेली फूलों की होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को बार परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और अतिथियों ने पारंपरिक गीतों के बीच फूलों और गुलाल की होली खेलकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक और एसडीएम हिंमाशु उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का होली की टोपी, फूल-माला और बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया। समारोह में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। जिस पर अधिवक्ता झूमने को मजबूर हो गये। पूरे परिसर में श्होली के रसियाश और पारंपरिक गीतों की गूँज रही। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे पर जमकर गुलाल उड़ाया और फूलों की वर्षा कर पर्व का आनंद लिया। विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी कड़वाहट को भुलाकर गले मिलने का त्योहार है। उन्होंने सभी से मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ इस उत्सव को मनाने की अपील की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, महासचिव ब्रजकिशोर, देवेंद्र खड़गवंशी, चंद्रसेन अग्रवाल, मदन खड़कवंशी, महावीर चौहान, महिपाल नागर, वीर सिंह प्रजापति, श्योराज सिंह राणा, मेघराज सिंह, राजीव शर्मा, सुबोध शर्मा, गंगासरन सिंह खड़गवंशी, जय राणा और महेंद्र प्रजापति एडवोकेट सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जीएमएस में धूमधाम से मना होली मिलन



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन शाहनवाज अली, ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चेयरमैन ने कहा कि होली प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देती है। वहीं ग्रुप निदेशक ने विद्यार्थियों को अनुशासन व पर्यावरण संरक्षण के साथ त्योहार मनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व काव्य-पाठ प्रस्तुत किए। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में समस्त स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।

# ओएलएक्स पर साइकिल बेचने के नाम पर 23 हजार ठगे

## खुद को आर्मी अफसर बताकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइकिल बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाली गई डिटेल एक युवक को भारी पड़ गई। खुद को आर्मी ऑफिसर बताने वाले आरोपी ने पहले भरोसा जीता, फिर डर और झांसे में लेकर करीब 22 हजार 900 रुपये ठग लिए। पीड़ित पक्ष ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला नौबत खाना निवासी मोहम्मद उवैस एडवोकेट के भाई मोहम्मद जैद ने अपनी साइकिल बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ओएलएक्स पर डिटेल अपलोड की थी। 14 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 1:15 बजे अनिल कुमार नाम के एक व्यक्ति ने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया और खुद को आर्मी ऑफिसर बताते हुए साइकिल खरीदने की बात कही। आरोप है कि अनिल कुमार ने बातचीत के दौरान कहा कि वह पैसे ट्रांसफर कर रहा है, पहले 50 रुपये भेज दें। इस पर जैद ने अपने मोबाइल नंबर से फोनपे के जरिए फोन करने वाले व्यक्ति के नंबर पर 50 रुपये ट्रांसफर कर दिए, यह खाता किसी आशा देवी के नाम है। इसके बाद आरोपी ने 100 रुपये वापस कर भरोसा दिलाया। इसके बाद आरोपी ने बातों में उलझाकर और डराकर अलग-अलग किस्तों में रुपये ट्रांसफर करा लिए। इस तरह कुल लगभग 22,900 रुपये की ठगी कर ली। जिस खाते में रुपये भेजे गए, वह सुनील नाम से बताया गया है। अधिवक्ता उवैस का आरोप है कि अनिल कुमार, आशा देवी और सुनील ने मिलकर धोखाधड़ी और धमकी देकर रुपये ट्रांसफर कराए हैं। उन्होंने मामले में एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पेशकार हत्याकांड में फरार आरोपी ने किया सरेंडर

## मुख्य आरोपी बहनोई अभी भी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पेशकार राशिद हुसैन की हत्या में फरार आरोपी नब्बू उर्फ सादिक को डिडौली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लगातार जारी दबिश के बीच शनिवार को उसने खुद ही कोतवाली पहुंच आत्मसमर्पण कर दिया था। वहीं, 25 हजार का इनामी नवाजिश अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए लगातार चुनौती बनी हुई है, वह मुख्य आरोपी कलीम का बहनोई है लिहाजा मृतक के परिजनों में उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर गुस्सा बना है।

जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन जिला न्यायालय में पेशकार थे। बीती 11 जनवरी को वह पत्नी, बच्चों और भतीजे के साथ कार से मुरादाबाद जा रहे थे। बंबूगढ़-जोया बाईपास पर गांव हुसैनपुर के पास गलत दिशा से आ रही एक बाइक उनकी कार से टकरा गई थी। उस समय विवाद शांत हो गया था लेकिन बाद में बाइक सवार युवकों ने पीछा करते हुए उनकी कार को संभल चौराहे से थोड़ा आगे हाईवे पर घेरकर लिया था। खींचकर कार से निक. ालने के बाद उनकी बेरहमी से पिटाई की थी, बेबस खड़े पत्नी और बच्चे रहम की भीख मांगते रहे थे लेकिन उनकी चीख-पुकार पर भी हमलावरों का दिल नहीं पसीजा था। पिटाई में गंभीर घायल राशिद हुसैन की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। मामले में डिडौली पुलिस ने चार नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में आरोपी शान व कलीम को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि तीन दिन बाद कलीम को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार दिखाते हुए जेल भेजा था। इसके अलावा पुलिस ने कलीम के बहनोई नवाजिश की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वहीं, गांव हरियाना निवासी आरोपी नब्बू उर्फ सादिक का नाम विवेचना में शामिल किया था। फरार इन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों में गुस्सा बढ़ता जा रहा था, जिसके चलते एसपी ने कोतवाल हरीश वर्धन सिंह को चार्ज से हटा दिया था। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि आरोपी नब्बू उर्फ सादिक को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। फरार अन्य आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मेजर प्रिया झींगन ने किया छात्रों से संवाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राना इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय सेना की पहली महिला अधिकारी प्रिया झिंगन का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ प्रेरक संवाद करते हुए अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास का महत्व बताया। मेजर झींगन ने अपने जीवन की यात्रा साझा करते हुए सेना में प्रवेश के निर्णय, प्रशिक्षण के अनुभव और चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्षिक पत्रिका एराइस का विमोचन भी किया गया। साथ ही उन्होंने अपनी आत्मकथा की पुस्तक विद्यालय प्रबंधन को भेंट की। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने सेना में चयन प्रक्रिया, महिला अधिकारी के रूप में अनुभव और जीवन में सफलता के मंत्र से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और प्रेरक उत्तर दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने उनका आभार व्यक्त किया।

## आसपा के प्रदेशाध्यक्ष से मिले जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) भीम आर्मी के लीगल सेल के जिलाध्यक्ष एड.योगेन्द्र कुमार व जिला उपाध्यक्ष एड.हरिओम ने पार्टी के लीगल सेल के प्रदेशाध्यक्ष एड.रजनीश कुमार से उनके देवबंद सहारनपुर स्थित आवास पर जाकर भेंट की।

प्रदेशाध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष को आगामी 2026 में

### जिला पंचायत के चुनाव को लेकर दिए निर्देश

जिला पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी मेहनत करने के निर्देश दिए, साथ ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक एड.चन्द्रशेखर आजाद के संघर्षों व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

# ओंकोकेयर अस्पताल में रालोद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ओंकोकेयर हॉस्पिटल, राष्ट्रीय लोकदल पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र पटेल के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सत्यवीर सिंह चौहान ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. सत्यवीर सिंह चौहान ने कहा कि युवा नेतृत्व समाज और राष्ट्र की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने माननीय रविन्द्र पटेल जी के संगठनात्मक योगदान और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र पटेल जी ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन सदैव समाजसेवा और जनहित के मुद्दों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री रामवीर सिंह, जिला अध्यक्ष सचिन चौधरी, बलबीर सिंह चौहान, अभिषेक जैन, रणवीर सिंह, नवीन बलियान, शिवम, राहुल, अमित चौहान, फहीम, इरकॉन अली, मोहम्मद शाहरुख शाहनवाज, बी. एस. यादव, जसपाल सिंह जाटव, कमाल, रोहित सैनी, रविंद्र गुप्ता, पंकज सैनी, नरेंद्र सैनी, प्रशांत औलख, रामपाल जाटव, हरि सिंह जाटव, तेजपाल सिंह राणा, राजदीप सिंह, रामप्रकाश कश्यप सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूरिया के साथ अवश्य करें जिंक सल्फेट का प्रयोग



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ग्राम गजरौला प्रभुवन में कृषि विभाग द्वारा गेहूं फॉर्म स्कूल प्रदर्शन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीटीएम मुकेश कुमार ने बताया कि गेहूं की पहली सिंचाई 20-25 दिन तथा दूसरी 45-50 दिन पर अवश्य करें और टॉप ड्रेसिंग में यूरिया के साथ जिंक सल्फेट का प्रयोग करें। लेट बुवाई की स्थिति में लेट प्रजाति का चयन व बीज मात्रा बढ़ाने की सलाह दी गई। एटीएम विनेश कुमार ने विभागीय योजनाओं व निशुल्क उड़द-मूंग मिनीकिट की ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी। पूर्व एडीओ एग्रीकल्चर अफसर अली ने सोलर पंप योजना तथा एटीएम संदीप सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व फॉर्मर रजिस्ट्री के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारीगण व सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# विधायक ने किया पशु चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** धनौरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शीशोवाली में पशुपालन विभाग, अमरोहा द्वारा आयोजित 'पशु चिकित्सा शिविर का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने गौ पूजन एवं फीता काटकर किया।

### ब्लॉक क्षेत्र के शीशोवाली में हुआ आयोजन



इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों और पशुपालकों के उत्थान हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों, नियमित टीकाकरण, संतुलित पशु आहार एवं उन्नत नस्लों के उपयोग से पशुपालक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडलाध्यक्ष कपिल भड़ाना, सत्यपाल सिंह पाल, जबर सिंह प्रधान, नानक प्रधान, विनोद प्रधान, हरपाल सिंह प्रधान, नन्हे प्रधान, मंगत सिंह, प्रेमपाल, निहार त्यागी, सुंदर सिंह, हुकम सिंह, सतवीर सिंह राणा, सुशील कुमार, विनोद कुमार, सुरेन्द्र सिंह, अमन अग्रवाल, अक्षय आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा इन्द्रेश गलत संगत में पड़ गया है जिस कारण मैं उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**हंशा देवी पत्नी स्व. प्रेमपाल सिंह**
निवासी मोह. शिवपुरी वार्ड-10
धनौरा जनपद अमरोहा

# समाधान दिवस में सीओं ने सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनिवार को थाना समाधान दिवस में सीओ अंजलि कटारिया ने शिकायतें सुनीं। इस मौके पर सात शिकायतें आईं, जिनमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी के साथ नाईपुरा में स्वागत द्वार को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों के लोगों को बुलाया उनकी बात को सुना। सीओ ने नाईपुरा के दोनों पक्षों से कहा कि होली के बाद दोनों पक्षों के लोग बैठकर इस मसले को सुलझाएं, साथ ही होली पर आपस में किसी तरह का कोई विवाद नहीं होना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, पालिका के ईओ ललित कुमार आर्य, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, आद. ेश अग्रवाल, एसएसआई अभिलाष प्रधान समेत राजस्व विभाग के अधिकारी व लेखपाल मौजूद रहे।



# भाषण में विधि व भाषण में खिजरा प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में संघटक राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह विशेष दिवस महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन की स्मृति में मनाया जाता है। जिन्होंने आज ही के दिन वर्ष 1928 में श्रमन प्रभावश की युगांतरकारी खोज की थी। भाषण प्रतियोगिता में विधि शर्मा ने प्रथम, प्रेरणा ने द्वितीय और जेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुति में खिजरा खघनम प्रथम, अनुष्का सैनी द्वितीय तथा हिबा खान तृतीय स्थान पर रहीं। मॉडल प्रदर्शनी में नवाचारी मॉडल्स की श्रेणी में अनुष्का सैनी ने बाजी मारी। स्नेहा को द्वितीय और नेहा चौहान को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एएसएम में जमकर उड़ा गुलाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** ए.एस.एम. पब्लिक स्कूल जगुआ खुर्द में होली का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने होली के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और आपसी प्रेम, सद्भाव व भाईचारे का संदेश दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती चारु वार्ष्णेय ने होली से जुड़ी पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संयमित ढंग से होली मनाने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंधक श्री विरेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और एकता के रंग में रंगने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखते हुए त्योहार मनाने और अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। साथ ही वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

# तकनीशियन कर्मचारियों का दलाल कहने पर प्रदेशभर में कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की विभागीय वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल एवं अन्य उच्च प्रबंधन द्वारा तकनीशियन ग्रेडद-2 टीजी-ृ2 संवर्ग के संबंध में दिया गया वक्तव्य, जिसमें तकनीशियन कर्मचारियों पर अतिरिक्त डड्यूटी न करने एवं दलाली करने जैसी टिप्पणी की गई, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, आपत्तिजनक, अमर्यादित एवं निंदनीय है।




सभी तकनिशियन कर्मचारियों के द्वारा कहा गया की प्रदेश के तकनीशियन कर्मचारी विषम मौसम, दुर्घटना संभावित एवं जानलेवा परिस्थितियों में दिन-रात कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, राजस्व वसूली सुनिश्चित करने, उपभोक्ता शिकायता का त्वरित निस्तारण करने तथा विभागीय हित से जुड़े समस्त तकनीकी एवं फील्ड कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। इसके बावजूद बिना किसी ठोस साक्ष्य के सम्पूर्ण तकनीकी संवर्ग को सार्वजनिक मंच से अपमानित किया जाना प्रशास. निक मर्यादा एवं सेवा मूल्यों के प्रतिकूल है। संघ के आम सदस्यों का यह भी मत है कि विभाग में लागू की गई विभिन्न नीतियों, निजी सहभागिता योजनाओं, महंगी विद्युत खरीद, म्त्च, स्मार्ट मीटरिंग एवं पुनर्गठन प्रक्रियाओं को लेकर उठ रहे। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल एवं उपस्थित ऊर्जा प्रबंधन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस में प्रयुक्त दलाल जैसे अपमानजनक शब्दों की कठोर निंदा करते हुए मांग करता है कि सम्पूर्ण तकनीकी संवर्ग से तत्काल सार्वजनिक एवं लिखित रूप से बिना शर्त क्षमा याचना की जाए।

आज की सभा मे यह भी निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया की यदि शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन द्वारा शीघ्र ही इस प्रकरण पर सम्मानजनक स्पष्टीकरण एवं माफी जारी नहीं की जाती है, तो संघ प्रदेश भर के तकनीशियन कर्मचारियों के साथ लोकतांत्रिक, संगठनात्मक, आंदोलनात्मक एवं विधिक स्तर पर प्रथम चरण मे मुख्यमंत्री मंत्री, उत्तरप्रदेश सरकार कों ज्ञापन एवं अगले चरण मे शक्तिभवन मुख्यालय, लखनऊ का घेराव किया जायगा।

राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल एवं उपस्थित ऊर्जा प्रबंधन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस में प्रयुक्त दलाल जैसे अपमानजनक शब्दों की कठोर निंदा करते हुए मांग करता है कि सम्पूर्ण तकनीकी संवर्ग से तत्काल सार्वजनिक एवं लिखित रूप से बिना शर्त क्षमा याचना की जाए। आज की सभा मे यह भी निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया की यदि शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन द्वारा शीघ्र ही इस प्रकरण पर सम्मानजनक स्पष्टीकरण एवं माफी जारी नहीं की जाती है, तो संघ प्रदेश भर के तकनीशियन कर्मचारियों के साथ लोकतांत्रिक, संगठनात्मक, आंदोलनात्मक एवं विधिक स्तर पर प्रथम चरण मे मुख्यमंत्री मंत्री, उप्र सरकार कों ज्ञापन एवं अगले चरण मे शक्तिभवन मुख्यालय, लखनऊ का घेराव किया जायगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की होगी।

## होली के दौरान 108 एंबुलेंस सेवा हाई अलर्ट पर

**लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डा संतोष गुप्ता ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी में होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद सभी एंबुलेंसों को अलर्ट पर रहने के लिए विस्ध्तृत दिशा निर्देश जारी कर किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें, एंबुलेंस कुछ ही देर में मदद के लिए पहुंच जाएगी। सीएमओ डा. संतोष गुप्ता के निर्देश पर 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर /आरएम कैलाश बिष्ट/ राकेश पाण्डे ने बताया कि होली को लेकर विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24/7 निर्बाध एंबुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस से न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम समय में एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

# महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने की कवायद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सुजाता का एसयू और तान्या का टीए लेकर दो बहनों ने (सुता) के नाम से साड़ियों का ऐसा एंपायर खड़ा किया कि उनका ब्रांड महिला एंटरप्रेन्योरशिप की मिसाल बन गया। नौ साल पहले, जब दुनिया को लगता था कि साड़ियों का चलन खत्म हो रहा है, तब सु और ता ने इस सोच को एक क्रांति में बदल दिया।



उनके नाम मिलकर सुता बना। संयोग से बंगाली में सुता का अर्थ धागा भी होता है - यही वह सार है जिसे वे बुनना चाहती थीं। धागों और कहानियों से शुरू हुआ यह सफर आज एक आंदोलन बन गया है। सुता की संस्थापक सुजाता और तान्या विश्वास शुक्रवार को लखनऊ में थी। वे फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर के कार्यक्रम में भाग लेने आयीं थी। होटल क्लार्क्स अवध में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उनकी मौजूदगी में एक प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुता सिस्टर्स ने भाग लिया, जिन्होंने अपने सपनों, दृढ़ संकल्प, और उद्यमशीलता के संकल्प की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उनकी कहानी ने उपस्थित महिला उद्यमियों को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल ने कहा हइस कार्यक्रम के माध्यम से मैं सभी स्टार्टअप्स और महिला नेतृत्व करने वाले व्यवसायों की कहानियों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं। हमने अपने सदस्यों के साथ फ्लो प्लेटफार्म साझा किया है ताकि वे अपने काम और अपनी यात्रा को प्रदर्शित कर सकें। मेरा मानना है कि फिक्की फ्लो प्लेटफार्म इतना शक्तिशाली है कि यह एक-दूसरे की विकास कहानियों को आगे बढ़ाने, विक. सित करने और समर्थन देने में सक्षम है। इस इवनिंग का आयोजन काफी सोच-समझकर किया गया था जिसमें रोचक बातचीत, इंटरैक्टिव स्पीड नेटवर्किंग, नवीन विचारों की प्रस्तुति और सार्थक व्यावसायिक आदान-प्रदान शामिल थे। सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, बिजनेस कार्ड का आदान-प्रदान किया और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की खोज की। सूता सिस्टर्स की परंपराओं से परिवर्तन तक की प्रेरणादायक यात्रा ने सभी फ्लो सदस्यों को अपनी बाधाओं को पीछे छोड़, खुद पर विश्वास करने और भविष्य के लिए बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। हदो महिलाओं और उनके छह गज की कहानी का समापन एक सशक्त संदेश के साथ हुआ, जिससे उपस्थित लोग प्रेरित, एक-दूसरे से जुड़े हुए और अपनी व्यावसायिक यात्रा में नए मुकाम हासिल करने के लिए तैयार हो गए।

कार्यक्रम का संचालन अदिति जग्गी रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में सूता की ओर से एक लकी ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें तीन विजेताओं (पायल,ज्योति और तूलिका चंद्रा)को सूता की साड़ियां उपहार स्वरूप में दी गई। कार्यक्रम में फ्लो की टेक्सटाइल हेड स्वाति वर्मा,सीनियर वाईस चेयरपर्सन सिमरन साहनी,देवांशी सेठ,सुप्रिया अग्रवाल,वनिता यादव, भावना अभिनेष सहित 150 से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

## प्रयागराज पहुंचे अखिलेश अहम मुद्दों पर सरकार को घेरा

**प्रयागराज।** कानून-व्यवस्था, महंगाई और बेरोजगारी पर तीखा हमला, बोले: प्रदेश की हालत चिंताजनक। संगठन की मजबूती और 2027 की तैयारी पर दिया संकेत, कार्यकर्ताओं में जोश, प्रयागराज दौरे को लेकर सियासी हलचल तेज, विपक्ष सत्ता में बयानबाजी शुरू।



# मस्जिद अजहर अली में रोजा इफ्तार करने पहुंचे शिवपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मस्जिद अजहर अली के सचिव मुर्तजा अली ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासि. चव और पूर्व मंत्री, मौजूदा विधायक माननीय श्री शिवपाल सिंह यादव जी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, मस्जिद अजगर अली की तरफ से 7 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले एक इफ्तमाई रोजा इफ्तार के लिए उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। शिवपाल सिंह यादव ने इस निमंत्रण को मोहब्बत के साथ स्वीकार किया और कहा कि कौमी एकता को मजबूत बनाने के लिए



वह हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों से मिलजुल कर रहने की अपील की और कहा कि सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दें। इस अवसर पर, शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि यह कार्यक्रम कौमी एकता को मजबूत बनाने में मददगार साबित होगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजस. ेवी बदरूल हसन ,हलीम अजीम, फहद आदि लोगों मौजूद रहे।

# निर्वाण दिवस पर प.जगदंबा प्रसाद मिश्र को याद किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गंजमुरादाबाद,( उन्नाव )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर मनीषी और हिंदी साहित्य के अनन्य उपासक पंडित जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी जी के निर्वाण दिवस के अवसर पर उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में साहित्यकारों, इतिहासकारों और गणमान्य नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार ने अपने संबोधन में कहा कि हितैषी जी केवल एक कवि नहीं थे, बल्कि वे कलम के वह सिपाही थे जिन्होंने अपनी रचनाओं से सोए हुए राष्ट्र को जगाने का कार्य किया। उनकी पंक्तियां शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा आज भी हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का ज्वार पैदा कर देती हैं। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने याद किया कि किस तरह हितैषी जी ने अपनी ओजस्वी वाणी और लेखनी के माध्यम से ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध जनमानस को तैयार किया। उन्होंने कई बार कारावास की यातनाएं भी सहीं, किंतु उनके हौसले कभी कम नहीं हुए। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सरलता और साहित्य के प्रति अटूट निष्ठा थी। वे नए कवियों के लिए हमेशा मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उनके साहित्यिक योगदान पर चर्चा करते हुए विद्वानों ने बताया कि उनकी कविताओं में राष्ट्रीयता कूट-कूट कर भरी थी। उन्होंने शहितैषीश उपनाम से समाज के हित की बात की। उनकी भाषा सरल, सुबोध लेकिन बेहद प्रभावशाली थी। उन्होंने छंदों और अलंकारों का ऐसा प्रयोग किया जो सीधे आम आदमी के दिल तक पहुंचता था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा ने की। इस मौके पर विनय विप्र, ओम शंकर मिश्रा, शिव मूर्ति तिवारी, राघव मिश्रा, दिनेश तिवारी, अजय तिवारी, गोपाल रस्तोगी, पंकज शुक्ला, मिथिलेश पटेल, टीका राजपूत, कुलदीप शर्मा, जय सिंह बाबू, शुभम कटियार, धर्मेंद्र व समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी विद्यालयों के शौचालय होंगे क्रियाशील

मुहम्मद जान तुर्की

**लखनऊ ।** आठ मार्च यानि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से ठीक पहले योगी सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़ा अभियान शुरू किया है जिसके तहत 42 जनपदों में शौचालय पूर्ण रूप से शौचालय पूर्ण रूप से संचा. लित करने के आदेश दिए हैं।

जिसकी निगरानी प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत प्रदेश के 42 जनपदों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए।

उन्होंने दोहराया कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शौचालयों में स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था द्धजहां आवश्यक होत्र और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।सरकार का विशेष फोकस छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी, मासिक धर्म के दौरान सहजता होगी और ड्रापआउट दर में कमी आएगी। महिला दिवस के अवसर पर यह पहल बेटियों को सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है।प्रेरणा पोर्टल' से होगी पारदर्शी निगरानी में शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मानिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मानिटरिंग संभव होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में मरम्मत या जल कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा गया है।

## यूट्यूबर सलीम के मामले का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में यूटड्बर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में आतंक फैलाने और कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं।गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह लोनी क्षेत्र के अल्वी नगर निवासी सलीम वास्तिक पर अली गार्डन कालोनी स्थित उनके कार्यालय में हमला किया गया था। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो अज्ञात हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे और चाकुओं से उनके गले व पेट में कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तत्काल दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका आपरेशन किया गया। परिजनों के अनुसार, सलीम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इस मामले में सलीम के बेटे उस्मान की तहरीर पर शक के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

# अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए अर्चना देवी का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बांगरमऊ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आगामी 3 मार्च से पुणे में आयोजित होने वाली अंडर-23 एक दिवसीय चैंपियनशिप के लिए बांगरमऊ की बेटी अर्चना देवी का चयन किया गया है।



बड़ी उपलब्धि यह है कि बोर्ड ने अर्चना की काबिलियत पर भरोसा जताते हुए उन्हें टीम की कमान सौंपी है। क्षेत्र के ग्राम रतईपुरवा निवासी अर्चना देवी का चयन उनकी निरंतर मेहनत और बेहतरीन प्रदर्शन का परिणाम है। यह पहला अवसर नहीं है जब उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी मिली है ।इससे पहले भी अर्चना सीनियर एकदिवसीय महिला टीम की कप्तानी कर चुकी हैं। उनके खेल कौशल और मैदान पर निर्णय लेने की क्षमता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है।घ्बीसीसीआई द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 3 मार्च से महाराष्ट्र के पुणे में शुरू होने जा रही है। देश भर की उभरती हुई महिला प्रतिभाएं इस टूर्नामेंट में अपनी धाक जमाने उतरेंगी। अर्चना देवी की अगुवाई में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें जताई जा रही हैं। अर्चना के चयन और कप्तान बनाए जाने की खबर मिलते ही जनपद और उनके गृह क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। खेल जगतव उनके करीबियों ने इस पर हर्ष व्यक्त किया है। कानपुर क्रिकेट एसो. के चेयरमैन डा. संजय कुमार ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूनम गुप्ता और युवा नेता जावेद अख्तर , सपा नेता सलीमुर्रहमान व इमरान सिद्दीकी ने अर्चना की सफलता को महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण प्रतिभा की जीत बताया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## प्रतिबंधित पशु काटने की सूचना पर पहुची पुलिस

**लखीमपुर खीरी ।** पुलिस टीम के द्वारा हसीन पुत्र रफीक ,व आरोपी 3 महिलाए अलीमुन्निशा , जमीला, सबीना, को भी पुलिस ने धर दबोचा वही आरोपी अभियुक्तो के घर पुलिस ने छापा मारकर दो प्रतिबंधित जानवर बरामद किए वही पुलिस के द्वारा दोनों पशुओ को तत्काल गौशाला भिजवाया गया और मौके से संबंधित चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाई की जा रही है आरोपियों के कब्जे से धारदार छूरी, तराजू , बाट व कुल्हाडी समेत कई उपकरण बरामद पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा पूरे मामले को लेकर खीरी कस्बा के लोगों में मचा हड़कंप।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-TOI-12-24-1 (Pay and Use-Toilet) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

693/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महर्षि दयानंद सरस्वती को अर्पित की नृत्यांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डा. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती माह के पावन अवसर पर प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 28 फरवरी को चिनहट स्थित सनातन धाम लान समक्ष रजत डिग्री कालेज में किया गया।

इसमें नृत्यांगना अंशिका त्यागी के दल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम पर आधारित विभिन्न सतरंगी भाव नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डा. दरबारी लाल अस्थाना सम्मान से वरिष्ठ समाज सेविका सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल और नृत्यांगना अंशिका त्यागी को अलंकृत भी किया गया। सांस्कृतिक संध्या में जनमे अवध में राम मंगल गाओ रे, ठुमक चलत राम चंद्र, हम कथा सुनाते हैं और हराम आवे अवध की ओर भाव नृत्य आकर्षण का केन्द्र बने। नृत्यांगना अंशिका त्यागी के साथ शची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, सोनाली गौड़, अभय कुमार, विशाल गुप्ता और अरुण सोनकर ने मनभावन नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। कार्यक्रम का कुशल संचालन नीशू त्यागी ने किया।



सह-संयोजिका रत्ना अस्थाना ने बताया कि आधुनिक भारत के चिन्तक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ही सबसे पहले साल 1876 में स्वराज्य का नारा दिया था। 12 फरवरी 1824 को जन्मे महर्षि ने सत्य, वैदिक ज्ञान, सामाजिक सुधार और शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी थी। डा.दरबारी लाल अस्थाना के संदर्भ में बताया कि उनका जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। साल 1930 में वृंदावन के प्रेम महाविद्यालय के छात्रों के साथ जब वह सत्याग्रह आन्दोलन कर रहे थे तब उन्हें 9सी-12 धारा के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था। 4 अगस्त 1930 को उन्हें छह महीने के कठोर कारावास का दंड सुनाया गया था वहीं 11 अक्टूबर 1930 में उन्हें मथुरा जेल से सीतापुर जेल में ट्रांसफर कर दिया गया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने देहरादून में रहकर मेडिकल प्रैक्टिस आरंभ की। इसके बाद वह लखनऊ आ गए और साल 1954 से उन्होंने उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि लखनऊ केंद्र के संचालक के रूप में लम्बे समय तक कार्य किया। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी का स्वर्गवास 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में हो गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र से सम्मानित किया था।

# वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

## हाइवे पर हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली क्षेत्र में शनिवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई। हादसा जोया से मुरादाबाद जाते में हुआ। मृतक की पहचान जोया के मोहल्ला चौकीदारान निवासी 40 वर्षीय हाजी खुर्शीद पुत्र मुस्लिम के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार खुर्शीद परिवार की आजीविका चलाने के लिए जोया से मुरादाबाद के लिए ऑटो चलाते थे। सुबह भी वह ऑटो लेकर मुरादाबाद जा रहे थे। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर के पास पहुंचते ही जोया से मुरादाबाद की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण की हाजी खुर्शीद की मौके पर मोत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही



डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी दुरखशा और दो बेटे अयाज व आगाज हैं। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यादव जी की लव स्टोरी रिलीज हुई तो आंदोलन

## यादव महासभा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर बैन लगाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी अगर फिल्म रिलीज हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विमल यादव के नेतृत्व में एडीएम गरिमा सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि फिल्म यादव जी एक लव स्टोरी समाज को टारगेट करने के लिए बनाई गई है। फिल्म में यादव समाज की महिला का प्रेम प्रसंग किसी अन्य धर्म के लड़के के साथ दिखाया जा रहा है। जिससे यादव समाज की छवि धूमिल हो रही है। जबकि लोगों मे रोष और आक्रोश व्याप्त है। फिल्म को रिलीज होने से रोका जाए और




इसका नाम बदलकर जो दृश्य समाज की छवि को धूमिल कर रहे है उन्हें हटाया जाए। महासंघ ने चेतावनी दी अगर फिल्म रिलीज हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में मस्तराम यादव, सुखवीर, विजय यादव, रवि यादव, डॉ जितेंद्र यादव, संजीव, अंकित यादव एड, अरविंद यादव, रणधीर यादव, चरण सिंह, सुरेश, ऋषिपाल, रजनीश, सोनी व विनोद यादव शामिल रहे।

# विद्यालयों में उल्लास के साथ मनाया होली का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के विद्यालयों में होली का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आपस में रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

**◆ विद्यार्थियों ने आपस में लगाया रंग गुलाल**





नगर के श्री नारायण सिंह स्मारक इण्टर कॉलेज में आयोजित होली उत्सव में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह ने विद्यार्थियों को होली का महत्तव बताया। प्रबंधिका दीपा सिरोही एवं स्टॉफ से स्वाति, सुरेन्द्र सिंह व वन्दना आदि ने विद्यार्थियों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर संस्थापक अनिल सिरोही, सन्दीप गिल, देवेन्द्र शर्मा, पुनीत शर्मा, चकेन्द्र कौशिक, प्रीतम आदि मौजूद रहे। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि नगर ब्राह्मण सभा के नगराध्यक्ष डॉ.रविभूषण शर्मा ने सभी से प्रेम और स्नेह के साथ होली मनाने का आह्वान किया, कहा कि होली का पर्व एक दूसरे के प्रति स्नेह और आपसी प्रेम का परिचायक है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे होली खेलते समय हानिकारक रंगो का प्रयोग न करें। इस मौके पर अतिथि ओम केशव गर्ग, प्रमोद सिंघल, महेश प्रधान समेत विद्यालय के प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल, अंकुर सिंघल, विनोद गर्ग, ब्रजेश अग्रवाल, देवेश शर्मा, शलभ सिंघल, नीलाक्ष अग्रवाल, देवराज शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, मनोज शर्मा, अंकुर नागर, मुकेश सिंघल, सुमित अग्रवाल, प्रधानाचार्य रामदास शर्मा, कृपाल सिंह, ज्योति गोयल, पुष्पा सिंघल, प्रिंयका शर्मा, प्रीति, हिना व दीया आदि मौजूद रहे।

# बच्चों पर धारदार हथियार से हमला, तीन की हालत नाजुक

## गाली गलौच के विरोध पर दबंगों ने बरपाया कहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** बच्चों पर धारदार हथियार और डंडों से हमला कर दिया गया। पीड़ित परिवार ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला नई बस्ती निवासी मोहम्मद मुदस्सिर का आरोप है कि शुक्रवार रात करीब 11:15 बजे उनका भतीजा मुन्तसिब, अदनान, शमशुद्दीन व तैय्यब मोहल्ले में ही मेडिकल के सामने खड़े थे। आरोप है कि तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने बच्चों व अन्य लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों के हाथ में धारदार हथियार और डंडे भी थे, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। घायलों का सीएचसी अमरोहा में भर्ती कराया गया, पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। मारपीट की यह घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने कस्बे की टॉवर वाली गली में भी एक युवक के साथ मारपीट की थी। आरोपी गिरोह की शक्ल में मोहल्लों में घूमकर दहशत फैला रहे हैं। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# घर में घुसकर मारपीट में तीन को तीन-तीन साल की सजा

## कोर्ट ने 18 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में कोर्ट ने हसनपुर क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ भूतखदेड़ी के ग्राम प्रधान संदीप उर्फ सोनू समेत तीन लोगों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई, साथ ही दोषित पर 18 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मारपीट का मामला हसनपुर कोतवाली से जुड़ा था। क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ भूतखदेड़ी में किसान राहुल सिंह का परिवार रहता है। 16 सितंबर 2017 को उन्होंने हसनपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि गांव के ही रहने वाले अरविंद, देशराज और संदीप उर्फ सोनू ने घर में घुस आए और मारपीट की। संदीप उर्फ सोनू वर्तमान में ग्राम प्रधान है। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।फिलहाल, मुकदमे में तीनों जमानत पर थे। सुनवाई एडीजे चतुर्थ की कोर्ट में चल रही थी। मामले में कोर्ट ने अंतिम सुनवाई करते हुए अरविंद, देशराज, संदीप उर्फ सोनू को।दोषी करार दिया। तीनों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# कांवरिये की हत्या में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अमरोहा।** कांवड़ लेने जाते समय पैसों के विवाद में हरिओम प्रजापति की रास्ते में गोली मारकर हत्या करने में शामिल दूसरे आरोपी ब्रजपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी के भाई को पहले ही गिरफ्तार का चालान कर चुकी है। हत्याकांड ट्रैक्टर की खरीद- फरोख्त में पैसों को लेकर चल रहे विवाद में अंजाम दिया गया था।

डिडौली क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी हरिओम प्रजापति की गांव के ही पूर्व प्रधान टिंकू व उसके भाई पिंकू ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। खून से लथपथ हरिओम का शव नौगावां सादात थाना क्षेत्र में मिला था, मृतक कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन



महाशिवरात्रि से पूर्व हत्याकांड में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज किया था।। इसके बाद पूर्व प्रधान टिंकू को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था जबकि पिंकू उर्फ बृजपाल तभी से फरार था। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में फरार आरा. `पी ब्रजपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही।

# मॉडल प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जवाहर नवोदय विद्यालय बसेड़ा तगा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार कार्यशील मॉडल एवं परियोजनाओं की विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी सराहना की। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वैज्ञानिक सोच, तर्कशीलता और नवाचारपूर्ण चिंतन विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दे रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी में अनुसंधान और नवाचार की भावना विकसित हो। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान के रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रयोग प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी। अंत में उप-प्रधानाचार्य सुमित यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर शिक्षकगण, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एकजुटता व जागरूकता से ही होगा समान का उत्थान

## सैनी समाज की बैठक में हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित सोमवीर सिंह के प्रतिष्ठान पर सैनी समाज की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सैनी सभा के तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार में सैनी समाज की भागीदारी अधिक होने के बावजूद समाज को अपेक्षित सम्मान और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। महाराजा शूर सैनी सभा के अध्यक्ष सौरभ सैनी ने समाज में फैली कुरी. तियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर समाज को संगठित कर सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार के समक्ष समस्याएं रखी जाएंगी। बैठक में देशराज सैनी, राजेंद्र सैनी, बलराम सैनी, भोले सैनी, कुबेर सैनी, चंदक, राजकुमार सैनी, सतपाल सैनी, आशेराम सैनी, रवि कुमार, चंद्रवीर सैनी, सत्यप्रकाश सैनी, उमेश सैनी, लोकेश सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# गन्ना घटतौली के खिलाफ भाकियू ने भरी हुंकार

## गन्ना क्रय केन्द्र पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गन्ने के वजन में कथित हेराफेरी व घटतौली को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ताओं ने जयतोली स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों और किसानों ने सेंटर का घेराव कर मिल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पाया गया कि सेंटर पर लगे बाट वजन मानकों के अनुरूप नहीं थे और उन पर उचित सरकारी मुहर भी अंकित नहीं थी। युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह ने तत्काल चंदनपुर चीनी मिल के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही मिल अधिकारी मुकेश शर्मा और सेंटर इंचार्ज तिवारी मौके पर पहुँचे, जहाँ उन्हें किसानों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। चीनी मिल के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि इस प्रकरण की कठोर जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाग सिंह प्रधान, युवा तहसील अध्यक्ष जयवीर सिंह, अमरोहा जिला अध्यक्ष लोकेश बिछुड़ी, युवा मंडल महामंत्री पंकज गुर्जर, कपिल अंबावता, कुल. वीर अंबावता, जिला प्रवक्ता टिंकू अंबावता और तिरखा सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विकसित भारत की संकल्पना पर छात्रों ने किया मंथन

## जेएस कालेज में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन जेएस डिग्री कालेज में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. राजकिशोर शुक्ला एवं अन्य महाविद्यालयों से आए निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग के लिए बधाई देते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम संयोजक एवं नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता के नियम बताए, जिसके बाद प्रतिभागियों ने क्रमवार अपने विचार रखे। अंत में निर्णायक मंडल ने पांच विद्यार्थियों का चयन कर उनके नाम अग्रिम स्तर हेतु घोषित किए। इस अवसर पर




डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. राजन लाल, डॉ. नवनीत बिश्नोई, नीरज त्यागी सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने जलपान किया।



























### दंपत्ति के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** एक दंपत्ति ने दूसरी दंपत्ति के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर में बीते दिन कमल अपने घर पर चिनाई का कार्य कर रहा था। आरोप है कि पड़ोस के ही लाखन व उसकी पत्न ी रीना ने कमल व उसकी पत्नी ममता के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग बचाने दौड़े तो आरोपी भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




# घरेलू कलह से आहत युवक ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव बांकोली में घरेलू विवाद से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार बांकोली निवासी राजकुमार (33) पुत्र कल्लू राठौर लंबे समय से घरेलू क्लेश के कारण मानसिक तनाव में चल रहे थे। शुक्रवार को घर के अंदर उन्होंने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकले तो परिजनों को शक हुआ। कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटके मिले। यह देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलने पर बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक अपने पीछे परिवार छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में सन्नाटा छाया हुआ है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम को भेजा जा रहा है, पोस्मार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कारवाही की जाएगी।

# कोचिंग जा रही छात्रा पर पलटी भैंसों से लदी पिकअप, मौके पर मौत

■ **बंजरिया मोड़ पर ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार बनी जानलेवा, परिवार में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के थाना शीशगढ़ अंतर्गत बंजरिया मोड़ पर शनिवार सुबह एक दिल दहलाने वाले सड़क हादसे में कोचिंग जा रही छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे से आ रही भैंसों से भरी पिकअप (यूपी 26 ए टी 3025) अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार लालू नगला निवासी बाबू अली उर्फ महबूब अली की पुत्री सुबह करीब आठ बजे घर से कोचिंग के लिए निकली थी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक जैसे ही वह बंजरिया मोड़ के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही भैंसों से लदी पिकअप अचानक असंतुलित हो गई। मोड़ पर संतुलन बिगड़ते ही पिकअप पलट गई और छात्रा उसके नीचे दब गई।



हादसा इतना भीषण था कि मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को वाहन के नीचे से बाहर निकाला और आनन-फानन में अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पिकअप में क्षमता से अधिक पशु लदे थे, जिससे वाहन मोड़ पर संतुलन नहीं बना सका और हादसा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय लोग ओवरलोडिंग व तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### पति ने की बेरहमी से पिटाई, दुपट्टे से फांसी लगाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेटी को बचाने पहुंचे पिता पर धारदार हथियार से हमला, तीन पर मुकदमा दर्ज**

**मीरगंज।** तरन्नुम की शादी एक वर्ष पूर्व साबिर हुसैन निवासी मनकरा के साथ हुई थी। तरन्नुम का आरोप है शादी के बाद से ही पति आए दिन उन्हे प्रताड़ित करता है। गत 27 फरवरी की शाम 7.00 बजे पति ने गाली गलौच कर अभद्रता की। विरोध करने पर घर में बंद कर बेरहमी से पीटा। आरोपी से उनके गले में दुपट्टा डालकर फांसी लगाने की कोशिश की।पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर उनकी जान बचाई। उन्होने मायके में सूचना दी। सूचना पर नगरिया कला शेरगढ़ से पिता गुलाम शब्बीर उन्हे बुलाने मनकरा पहुंचे। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर गुलाम शब्बीर को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को तरन्नुम की तहरीर पर पति साबिर हुसैन, ननद नूरजहां एवं सास अमीर जहां निवासी मनकरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेज कर मेडिकल कराया

### दोस्त को लेने मीरगंज आया युवक सड़क दुर्घटना में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे सीएचसी रेफर कर दिया गया।

नरखेड़ा गौटिया शाही निवासी अरुण पुत्र सूरजपाल अपने दोस्त गुड्डू के साथ मीरगंज आया था। बताया गया कि उनका एक मित्र हिमाचल प्रदेश से घर लौटा था, जिसे लेने दोनों मीरगंज पहुंचे थे।इस दौरान गुड्डू बस स्टैंड के पास एक ठेले पर गोलगप्पे खाने लगा, जबकि अरुण स्कूटी लेकर बस स्टैंड की ओर बढ़ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसी समय बरेली की ओर से आ रही रोडवेज बस बस स्टैंड पर रुकी। इसी दौरान अरुण की स्कूटी अनियंत्रित हो गई और सीधे बस से जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे सीएचसी रेफर कर दिया गया। वहां से भी स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

### पेड़ काटने के विवाद में महिला से मारपीट, तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धंतिया के मझरा खुदागंज में शुक्रवार की दोपहर में 1.45 बजे पेड़ों को काटने को लेकर हुए विवाद में पुष्पा से कुछ लोगों ने गाली गलौच कर मापीट की। जिससे पुष्पा चोटिल हो गईं। ग्रामीणों के बचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पुष्पा की तहरीर पर आरोपी मोहन लाल, टीकाराम एवं बड़े निवासी धंतिया मझरा खुदागंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### टुक टुक खड़ा करने का लेकर हुए विवाद में चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** कस्बे की चाडक्यपुरी के रहने वाले रामबहादुर टुक टुक चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। बीती 19 फरवरी को वह बाईपास रोड पर अपना टुक टुक खड़ा कर सवारी का इंतजार करता रहे थे कि वहां पर ठेला लगाने वाले जावेद और उवैसरहमान ने इसका विरोध करते हुए ई रिक्शा हटाने को कहा जिस पर उसने अभी हटा लेने की वात की थी जिस पर ठेला लगाने वालों ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया, उसने गाली देने का विरोध किया।

आरोप है कि इसी रंजिश के चलते विगत रात उस पर उस समय हमला कर दिया गया था जब वह बाईपास रोड पर करीब 8 बजे सवारी उतार रहा था। उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे उसका सर फट गया। टुक टुक चालक रामवाहादुर ने उसके साथ मारपीट करने वाले दबंगों के खिलाफ शनिवार को घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

### वॉयस मैसेज से दिया तलाक पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला कस्बे की एक विवाहिता का है। नगर की एक विवा. हिता को उसके पति ने वाइस मैसेज पर तीन तलाक दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की है।

कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती पश्चिमी की रहने वाली हिना की शादी अव से करीब दो साल पहले 2 फरवरी 2024 को थाना भुता क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर निवासी मोहम्मद हारिस के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी में पर्याप्त दान-दहेज दिए जाने के बावजूद ससुराल पक्ष इससे खुश नहीं था, और आए दिन और दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती, एक दिन उसके ससुरालियों को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसका उसने थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कराया था, हालांकि बाद में आपसी समझौते के बाद वह दोबारा ससुराल चली गई थी। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पहुंचने के बाद भी पति व परिजनों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।

आरोप है कि ससुरालियो ने उसका दहेज व जेवर अपने पास रख लिया और उसे फिर से घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। आरोप है कि 23 जनवरी की रात 9 बजकर 46 मिनट पर उसके मोबा. इल फोन पर पति मोहम्मद हारिस ने वॉयस मैसेज भेजा, जिसमें तीन बार 'तलाक' बोलते हुए उसे तलाक दे दिया। घटना के बाद से वह मानसिक रूप से आहत और परेशान है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रिपोर्ट दर्ज कराने महिला पहुंची कप्तान के दरबार, लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक सप्ताह से थाने के चक्कर काट रही महिला शनिवार को एसएसपी के पास जा पहुंची। महिला ने अपने घर हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाते हुए पत्र दिया है।

कस्बे की आदर्श नगर वस्ती कि रहने वाली महिला देवश्री के घर का ताला तोड़कर उस समय चोरी कर ली गई थी जव वह बीती 21 फरवरी को अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गई थी। आरोप है अगले दिन वापस आकर महिला ने अपने घर हुई इस चोरी की रिपोर्ट पुलिस को दी थी लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जबकि चोरी की यह घटना उसके घर के बाहर लगे सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गई है। शनिवार को महिला देवश्री एस एस पी कार्यालय जा धमकी और उन्हें शिकायती देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। एस एस पी ने इस मामले में कार्यवाही का आश्वासन महिला को दिया है।

# 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत हुआ जन-जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य के कुशल निर्देशन में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा "ओपन माइक हस्ताक्षर" गतिविधि में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मौलिक अधिकारों की रक्षा के प्रति संवे. दनशीलता विकसित करना तथा युवाओं को जिम्मेदार नागरिक के रूप में सामाजिक परिवर्तन का सशक्त वाहक बनाना रहा।

कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. सचिन कुमार गिरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट, डॉ. मोहम्मद फाइज, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. शिवप्रताप सिंह एवं वीरेन्द्र शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बच्चों और शिक्षकों ने जमकर खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शनिवार संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज परिसर में होली का पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों का त्योहार मनाया। पूरे परिसर में अबीर-गुलाल की खुशबू और हंसी-खुशी का माहौल छाया रहा।

फाल्गुन माह में मनाए जाने वाले होली पर्व की परंपरा को निभाते हुए छात्रों ने शिक्षकों के साथ रंगों की मस्ती की। रंगों में सराबोर बच्चों ने अपने शिक्षकों के चरण स्पर्श कर



आशीर्वाद भी लिया।

कार्यक्रम में कॉलेज के उप प्रबंधक बाबा अरविंद गिरी, प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुभाष गंगवार, ललित सक्सेना, अम्बा प्रसाद, सुनील सिंह, वीर सिंह सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## चीनी मिल में आईटीआई छात्रों का औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स चीनी मिल में अनुबिस आईटीआई के छात्रों का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इंडस्ट्रियल विजिट को संस्था के सचिव सत्येंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान मिल के एचआर हेड अरविंद गंगवार ने छात्रों को गन्ने से चीनी उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, आधुनिक मशीनों के संचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्पादन में ऑटोमेशन और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाता है। यूनिट हेड संजय श्रीवास्तव ने छात्रों को कॉरपोरेट सेक्टर की भर्ती प्रक्रिया, करियर ग्रोथ के अवसरों और शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी दी। ट्रस्टी जित. ेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों को उद्योग से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य शरद सक्सेना ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण से छात्रों की तकनीकी दक्षता, विश्लेषण क्षमता और समस्या-समाधान कौशल में वृद्धि होती है। इस दौरान संजय सिंह, सचिन कुमार और सुरेंद्र पाल सहित आदि मौजूद थे।

# होली पर बरेली में सुरक्षा का कड़ा पहरा

■ **बरेली रेंज में 9568 होलिका दहन स्थलों पर पुलिस तैनात**

■ **डीआइजी के निर्देश पर 11,444 पुलिसकर्मी, ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए बरेली परिक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

होली के मद्देनजर पूरे परिक्षेत्र को 08 सुपर जोन, 41 जोन, 145 सेक्टर और 350 सब सेक्टरों में विभाजित कर पुलिस बल तैनात किया गया है। इस वर्ष परिक्षेत्र में कुल 9568 स्थानों पर होलिका दहन होगा। साथ ही चारों जनपदों में 123 छोटे-बड़े जुलूस निकाले जाएंगे, जिन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस और प्रशासन ने सामा. जिक समन्वय बनाए रखने के लिए संभ्रांत नागरिकों और पीस कमेटी के साथ व्यापक स्तर पर संवाद किया है। इसके तहत चारों जनपदों में 675 बैठकें आयोजित कर शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया। बरेली में 2 और 3 मार्च को निकलने वाली रामबारात शोभायात्रा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जबकि शाहज. हांपुर में बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस भी संवेदनशील मार्गों से निकलेंगे। इन सभी आयोजनों को लेकर पुलिस ने विशेष सुरक्षा योजना लागू की है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत परिक्षेत्र में कुल 11,444 पुलिसकर्मी, पीएसी और आरएएफ की 14 कंपनियां तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी तथा पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे भी उपलब्ध कराए गए हैं।

पुलिस ने पिछले 10 वर्षों के उपद्रवियों और नामजद अभियुक्तों पर विशेष नजर रखने तथा निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यूपी-112 के डाटा के आधार पर चिन्हित संवे. दनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अव्यवस्था या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की को. शिश करने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि होली का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ सम्पन्न हो सके।

## 9568 स्थानों पर होगा होलिका दहन, 123 जुलूसों पर नजर

बरेली परिक्षेत्र में इस वर्ष कुल 9568 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इनमें बरेली में 3041, बदायूं में 2275, पीलीभीत में 1397 और शाहजहांपुर में 2855 स्थल शामिल हैं। वहीं चारों जनपदों में कुल 123 छोटे-बड़े जुलूस निकाले जाएंगे, जिनमें बरेली में 80, बदायूं में 15, पीलीभीत में 10 और शाहजहांपुर में 18 जुलूस शामिल हैं।

## 08 सुपर जोन, 41 जोन और 350 सब सेक्टर में सुरक्षा व्यवस्था

होली को लेकर पूरे बरेली परिक्षेत्र को 08 सुपर जोन, 41 जोन, 145 सेक्टर और 350 सब सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती कर निगरानी व्यवस्था मजबूत की गई है, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

## ड्रोन, सीसीटीवी और बॉडी वार्न कैमरों से होगी निगरानी

जुलूस मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी जाएगी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे दिए गए हैं। छतों और रास्तों पर पड़े ईंट-पत्थरों को हटवाकर सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

## 11,444 पुलिसकर्मी, पीएसी और आरएएफ की 14 कंपनियां तैनात

सुरक्षा व्यवस्था के तहत परिक्षेत्र में 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 30 क्षेत्राधिकारी, 92 थानाध्यक्ष, 268 निरीक्षक, 1800 उपनिरीक्षक, 2759 मुख्य आरक्षी, 4728 आरक्षी और 1759 महिला पुलिसकर्मियों सहित कुल 11,444 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीएसी और आरएएफ की 14 कंपनियां और 2 प्लाटून अतिरिक्त रूप से लगाए गए हैं।

# सहपाठी व अध्यापकों संग खूब उड़ा गुलाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** होली से पूर्व अवकाश की घोषणा होने पर सरस्वती शिशु मन्दिर के छात्र छात्राओं ने सहपाठियों संग गुरुजनों के साथ जमकर गुलाल उड़ाया। इससे पूर्व होली महापर्व पर प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार ने होली महापर्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

महापर्व के विभिन्न प्रसंगो के माध्यम से बच्चों को अवगत कराया व भक्त प्रहलाद की भगवान के प्रति आस्था का विस्तार से वर्णन किया गया। कैमिकल युक्त रंगों से दूरी व गुलाल से होली खेलने का किया गया आग्रह।तत्पश्चात बच्चों ने होली खेल गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह(फेयरवेल)का भी आयोजन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयीं। विज्ञान दिवस कार्यक्रम पर प्रख्यात विद्वान सीवी रमन का भी स्मरण किया गया। सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा के अलावा, सेंथल, अहमदाबाद, रिछोला, अहमदाबाद, बरौर, नकटी नारायणपुर आदि विद्यालयों में कार्यक्रम भी मनाया गया।

# उज्जवला लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरित

■ **कुल 04,16,736 लाभार्थियों के खाते में कुल 36,29 ,77,056 रुपये बैंक खातों में किए गए ट्रांसफर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1. 86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया।

होली के त्यौहार के उपलक्ष्य में प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यकम का शुभारंभ लोकभवन सभागार ,लखनऊ से बटन दबाकर किया गया। ज्ञात हो की प्रति वर्ष होली व




दीपावली के अवसर पर एक-एक अर्थात पूरे वर्ष में दो सिलेंडर रिफ्लिंग सरकार द्वारा निशुल्क दी जाती है। 870.50 रू0 की रिफ्लिंग राशि में केंद्र सरकार द्वारा 318 रू0 तथा राज्य सरकार द्वारा 552.50 रू0 दिये जा रहे है। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद बरेली में जीआईसी ऑडिटोरियम में जनप्रति. निधियों की अध्यक्षता में बरेली जनपद के उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यकम का आयोजन किया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद बरेली में कुल 04,16,736 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। होली त्यौहार के अवसर पर नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से जी आई सी ऑडिटोरियम में किया गया। 04,16,736 सलाभार्थियों के खातों में कुल 36,29,77,056 रुपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए।

इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिए गए निर्देशों के क्रम में बरेली जनपद में 1759 कुल उचित दर विक्रेताओं का दिसंबर माह का कुल लाभांश 1,41,40,063 रुपए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गयी, इसके साथ ही जनवरी माह का लाभांश भी 1,41,21,919 रुपये भी उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी चैनपुर डा. राघवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने जमकर खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को तहसील के अधिकतर कार्यालयों पर होली खेली गई। इस दौरान लोगों से एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

तहसील परिसर में कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खूब होली खेली और इसकी शुभकामनाएं दी। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन ने भी होली के पावन पर्व पर जमकर होली खेली। बार कार्यालय में संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल के साथ ही आनन्द कुमार, सुरेश पटेल आदि ने जमकर होली खेली। इसके साथ ही क्षेत्र के गंगापुर स्थित एशियन लॉ कॉलेज में छात्रों ने अपने एक दूसरे साथी और शिक्षकों को रंग गुलाल लगाकर होली खेली और इसकी शुभकामनाएं दी। इस दौरान कॉलेज के एम डी एड नंदकिशोर और कॉलेज के शिक्षक मौजूद रहे। स्कूलों में भी छात्र छात्राओं ने होली के पर्व पर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सैंथल स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य शीरी फातिमा जैदी, मीनू शर्मा, परवीना यादव, समाना आदि ने छात्रों के साथ होली खेलकर पर्व कि शुभकामनाएं दी।

# सालों पुरानी दुकानें तोड़ने के नोटिस से व्यापारियों में गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से सूद धर्मकांटा तक 35 वर्ष पुरानी दुकानों को तोड़ने के लिए दिए गए नोटिसों पर विरोध जताया। इस दौरान मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि नोटिस में किसी भी प्रकार का ठोस साक्ष्य नहीं दिया गया कि इन दुकानों ने निगम की जमीन पर अतिक्रमण किया है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी ने कहा कि यदि कुछ अतिक्रमण हुआ होता, तो पिछले 35 वर्षों में निगम की ओर से किसी को नोटिस क्यों नहीं मिला, अब अचानक सड़क निर्माण के बहाने दुकानों को अवैध क्यों घोषित किया जा रहा है, व्यापारियों ने बताया कि सड़क की नापजोख के दौरान जब निगम के अधिकारियों से अतिक्रमण के बारे में पूछा गया, तब कोई ठोस प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया।

संरक्षक शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि कि हमने अधिकारियों से अनुरोध किया कि पहले दुकानों की नपाई और साक्ष्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट की जाए। फिर ही कोई कार्रवाई की जानी चाहिए। व्यापारियों ने नगर आयुक्त से आग्रह किया कि उक्त रोड पर सभी दुकानों की नापजोख और जमीन से संबंधित सटीक जानकारी हासिल कर, केवल नियम और साक्ष्यों के आधार पर ही कोई कार्रवाई की जाए। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक जारी नोटिस को निरस्त किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नगर निगम उनके सहयोग से निष्पक्ष निर्णय लेकर दुकानों और सड़क निर्माण दोनों के हितों का संतुलन बनाएगा।

यहां सुधीर गोयल, अभय अग्रवाल, अंकुर किशोर, अरुण कुमार, राज गोपाल, पवन निहलानी,संजय आंनद, अनिल, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

